AUTOMOTIVE SKILLS DEVELOPMENT COUNCIL | N·S·D·C RE-IMAGINE FUTURE | जनजातीय कार्य मंत्रालय MINISTRY OF TRIBAL AFFAIRS GOVERNMENT OF INDIA | कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार | Skill India कौशल भारत-कुशल भारत | आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

नई दिशाएँ, नए अवसर

# कौशल महोत्सव 2023

4 मार्च, 2023 | सुबह 10:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे | काशी साहू कॉलेज, सराय केला, झारखंड
























## सराय केला रिपोर्ट




नई दिशाएँ, नए अवसर

# कौशल महोत्सव 2023

झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में जॉब फेयर 'कौशल महोत्सव' का हुआ सफल आयोजन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बांटे नियुक्ति पत्र

· 5000 से अधिक युवाओं को ११ कंपनियों में मिला अच्छी सैलरी के साथ जॉब ऑफर

सरायकेला-खरसावां, झारखंड: ऑटोमोटिव स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (एएसडीसी) ने झारखंड के सरायकेला जिले के काशी साहू कॉलेज में शनिवार को अप्रेंटिसशिप रोजगार मेला (जॉब फेयर) 'कौशल महोत्सव' का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जनजातीय कार्य मंत्री और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। जनजातीय मामलों के मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव आर जया, सरायकेला के उपायुक्त अरवा राजकमल, एएसडीसी के सीईओ अरिंदम लाहिरी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस जॉब फेयर में स्थानीय आदिवासी युवाओं ने हिस्सा लिया और 5000 से अधिक युवाओं को ११ कंपनियों द्वारा जॉब ऑफर किए गए। मेगा जॉब फेयर सार्वजनिक-निजी भागीदारी का एक बेहतरीन मिसाल है, जिसमें प्रमुख ऑटोमोटिव कंपनियों ने हिस्सा लेकर आदिवासी युवाओं को दोपहिया और चार-पहिया वाहन के लिए प्रशिक्षित तकनीशियनों को जॉब का मौका दिया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण श्रीमती विनीता श्रीवास्तव, सलाहकार-एमओटीए ने दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने मेले में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी युवाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज जनजातीय कार्य मंत्रालय, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, एएसडीसी, एनएसडीसी और एनसीवीईटी ने आजीविका मिशन को एक नया आयाम दिया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने के लिए भविष्य में भी यह प्रयास किया जाएगा। लघु उद्यमी बनाने के लिए भी अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।
उन्होंने कहा कि "सेवा परमो धर्मः" समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार गरीबों, दलितों, शोषितों, वंचितों, पिछड़ों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए काम कर रही है।

जनजातीय मामलों के मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव आर जया ने कहा कि यह जॉब फेयर कि झारखंड के आदिवासी छात्रों और ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए एक बेहतरीन मौका है। यूथ और इंडस्ट्री दोनों को एक प्लेटफॉर्म मिला है। युवा स्किल सीखकर अपने करियर को संवार सकते है। इसके लिए मंत्रालय की ओर से हर संभव कोशिश की जा रही है।

एएसडीसी के सीईओ, अरिंदम लाहिरी ने इस सफल आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एएसडीसी झारखंड के युवाओं को कौशल के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने ट्रेनिंग पार्टनर के जरिये युवाओं को ऑटोमोटिव कौशल सिखाया जा रहा है, जिससे वह रोजगार के अवसर का लाभ उठा सके। भविष्य में भी इस तरह के जॉब फेयर आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा।

जॉब फेयर में भाग लेने वाले उम्मीदवारों ने अपने अनुभव साझा किए और एएसडीसी द्वारा प्रदान किए गए अवसरों के लिए आभार व्यक्त किया। नूपुर मुखी ने कहा कि एएसडीसी से प्रशिक्षण लेने के कारण ही आज मुझे ऑटोमोटिव सेक्टर में नौकरी का अवसर मिला है। इस कौशल महोत्सव ने मेरे लिए करियर के नए दरवाजे खोल दिए हैं।

एक अन्य उम्मीदवार, रंजन कुमार आचार्य का चयन फोर्स मोटर्स में होने के बाद उसने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इतनी आसानी से और इतने अच्छे वेतन के साथ नौकरी मिल जाएगी। एएसडीसी के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम ने मेरा जीवन बदल दिया है।

# COMPANIES WHO PARTICIPATED

RADIANT | JBM | DISTIL

YUVA SHAKTI | KLING CARS | FORCE MOTORS | MINERVA


TATA MOTORS | PRERNA | AMASS

**2657** Students Registered

More than **400** candidate placed

Total candidate selected: **356**

Total candidate Short-listed: **62**
































AUTOMOTIVE SKILLS DEVELOPMENT COUNCIL
SIAM ACMA FADA

**Automotive Skills Development Council**
E-113, Okhla Industrial Estate Phase- III, New Delhi-110020
Phone: +91 11 42599800 E-Mail: info@asdc.org.in